मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-25
27/01/2022

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पथ निर्माण विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की

- सभी परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण करें ताकि लोगों को आवागमन में और सहूलियत हो सके– मुख्यमंत्री

पटना, 27 जनवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में पथ निर्माण विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की।

अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण श्री प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से महत्वपूर्ण परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने सत्तर घाट पुल, बख्तियारपुर–ताजपुर प्रोजेक्ट, जे0पी0 गंगा पथ, मीठापुर टू करबिगहिया फ्लाइओवर के कार्य प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव ने बिहटा सरमेरा रोड, अटल पथ, मीठापुर महुली एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट, कच्ची दरगाह–बिदुपुर 6 लेन गंगा ब्रिज के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सात निश्चय पार्ट–2 के तहत सुलभ संपर्कता के संबंध में भी जानकारी दी।

एन0एच0ए0आई0 के क्षेत्रीय पदाधिकारी ने बिहार में चल रही तथा शुरु की जानेवाली महत्वपूर्ण परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने दानापुर–बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर, राम जानकी पथ, अमटा सिमरिया 6 लेन (एन0एच0–31), पटना–गया डोभी रोड, जे0पी0 सेतु के समानांतर पुल, बिक्रमशिला सेतु आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आवागमन को सुगम बनाने के लिये राज्य में कई सड़कों एवं पुलों का निर्माण किया गया है तथा कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि सभी परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण करें, इससे लोगों को आवागमन में और सहूलियत होगी। साथ ही इससे बिहार आनेवाले पर्यटकों को राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर जाने में सहूलियत होने के साथ–साथ समय की भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि सात निश्चय–2 के अतंर्गत सुलभ संपर्कता को बढ़ाने के लिए तेजी से काम करें।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण श्री प्रत्यय अमृत, अध्यक्ष बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड श्री पंकज कुमार पाल सहित अन्य वरीय अधिकारीगण जुड़े हुए थे।

******